जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 मार्च, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया की टीम ने 1st MANUU लॉ स्कूल नेशनल डेटा प्राइवेसी मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 में जीता रनर अप और सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार

नई दिल्ली: जामिया मिल्लिया इस्लामिया के लिए गर्व की बात है कि विधि संकाय के द्वितीय वर्ष के बीएएलएलबी (ऑनर्स) के छात्र अभिजीत सिवाच, लामिया हुसैन और लक्ष्य सिंह संब्याल की टीम ने एमएएनयूयू लॉ स्कूल राष्ट्रीय डेटा प्राइवेसी मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 में रनर अप का स्थान प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम का आयोजन हैदराबाद में मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयूयू) द्वारा किया गया था, जहाँ लक्षव सिंह संब्याल को सर्वश्रेष्ठ वक्ता के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। 8-9 मार्च और 18 मार्च, 2025 को हाइब्रिड मोड में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया।

टीम को 10,000/- रुपये के चेक के साथ रनर अप ट्रॉफी और लक्षव सिंह संब्याल को 5,000/- रुपये के चेक के साथ सर्वश्रेष्ठ वक्ता की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, माननीय न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर, पूर्व न्यायाधीश, भारत सर्वोच्च न्यायालय और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना; प्रोफेसर सैयद ऐनुल हसन, कुलपति, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद; प्रोफेसर तबरेज़ अहमद, डीन, एमएएनयूयू लॉ स्कूल; गादी परवीन कुमार, भारत के उप सॉलिसिटर जनरल (तेलंगाना); बी. नरसिम्हा शर्मा, भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (तेलंगाना); बद्रीनाथ दुर्वासुला, ब्लूस्टार इंडिया लिमिटेड बॉम्बे के विधिक और सचिवीय वैश्विक सलाहकार फरहान, नजीर अहमद खान और तलत मदीहा, एडवोकेट्स, तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान की गई|

मुख्य समस्या संवैधानिक कानून और डेटा गोपनीयता कानून की बारीकियों से संबंधित थी, जिसमें मुख्य मुद्दा नागरिकों की डेटा गोपनीयता के उल्लंघन के आरोपों से संबंधित था, जिसके कारण चुनावी हेरफेर और बड़े पैमाने पर निगरानी की आशंकाएं उत्पन्न हो रही थीं।

परफोर्मेंस से उत्साहित, विधि संकाय के डीन, प्रो. गुलाम यज़दानी ने कहा, "हमें 1st MANUU राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए अपनी टीम पर गर्व है। उनकी सफलता उनके असाधारण कौशल और समर्पण को दर्शाती है। मैं टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके भविष्य के मूट कोर्ट प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ।"

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया